**असाइनमेंट:- 5 विषय :- हिंदी कक्षा:- III शिक्षिका:- श्रीमती पूजा सहगल**

**नाम:- _______ सेक्शन :- __ रोल नंबर :- ____ दिनांक:-__/10/21**

## पाठ - 6

## "इंटरनेट का कमाल"

### मौखिक प्रश्न

क) प्रः बंदर कौन सी खुशखबरी लाया था ?

उत्तर : जंगल में कंप्यूटर और इंटरनेट लगाने की ।

ख) प्रः जंगल में कंप्यूटर और इंटरनेट लगाने का आदेश किसने दिया था ?

उत्तरः महाराज शेरसिंह ने।

ग) प्रः बंदर शहर क्यों जा रहा था ?

उत्तरः शहर से कुछ कंप्यूटर लाने के लिए ।

घ) प्रः बंदर ने सबसे कौन - से वृक्ष के नीचे मिलने के लिए कहा ?

उत्तरः बरगद के वृक्ष के नीचे ।

## लिखित प्रश्न :

क) प्रः बंदर ने सभी पशु-पक्षियों को बरगद के वृक्ष के नीचे क्यों बुलाया ?

उत्तरः बंदर ने इंटरनेट के बारे में संपूर्ण जानकारी देने के लिए सभी पशु-पक्षियों को बरगद के वृक्ष के नीचे बुलाया ।

ख) प्रः इंटरनेट का प्रयोग कहाँ कहाँ किया जाता है ?

उत्तरः इंटरनेट का प्रयोग स्कूल, रेलवे स्टेशन, बैंक,कार्यालय आदि सभी जगह किया जाता है ।

ग) प्र : इंटरनेट के क्या - क्या लाभ है।

उत्तरः इंटरनेट का प्रयोग करके हम अपने मित्रों, परिचितों, और संबंधियों से बात कर सकते हैं और सूचनाओं का आदान - प्रदान कर सकते हैं ।

घ) प्रः ई-मेल से चिट्ठी भेजने के लिए हमें किसकी ज़रूरत होती है?

उत्तरः ई-मेल से चिट्ठी भेजने के लिए हमें ई-मेल का पता बनाने और इंटरनेट की ज़रूरत होती है।